
# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 20.6.26 | 5 | 1-4 |

### ट्यूशन फीस माफ रहेगी, प्रतिवर्ष 35,188 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर छात्रवृत्ति

# शोधार्थी कृष्ण का वेस्टर्न सिडनी विवि ड्यूल पीएचडी में हुआ चयन

भास्कर न्यूज | हिसार



प्रो. वीसी बलदेव राज काम्बोज के साथ विद्यार्थी व अन्य।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी कॉलेज के मृदा एवं जल संरक्षण विभाग के पीएचडी शोधार्थी कृष्ण कन्हैया का चयन विश्वविद्यालय और ऑस्ट्रेलिया के वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय के संयुक्त ड्यूल डिग्री पीएचडी कार्यक्रम के लिए हुआ है।

प्रो. वीसी बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय में हो रहे उच्च गुणवत्ता वाले शोध और शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाती है तथा ऐसे अवसर वैश्विक शोध सहयोग को मजबूत करते हैं। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता रमेश कुमार ने बताया कि छात्रवृत्ति के तहत शोध अवधि में पूर्ण शिक्षण शुल्क माफ रहेगा और प्रति वर्ष 35,188 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की सहायता राशि प्रो-राटा आधार पर मिलेगी। कार्यक्रम पूरा होने पर दोनों संस्थानों से पीएचडी उपाधि दी जाएगी। अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने कहा कि एचएयू व डब्ल्यूएसयू साझेदारी विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को अंतरराष्ट्रीय शोध अनुभव प्राप्त करने के लिए निरंतर महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रही है। इस उपलब्धि के लिए कृष्ण कन्हैया ने विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकों तथा अपने माता-पिता का निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा और आईएसी के समन्वयक डॉ. मंजूनाथ भी उपस्थित रहे।

### 18 माह वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में व्यतीत करेंगे

कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. अजय कुमार वशिष्ट ने बताया कि ड्यूल डिग्री कार्यक्रम के अंतर्गत कृष्ण कन्हैया 'भूजल क्षरण पर गन्ना सिंचाई के प्रभाव को समझना: एक क्षेत्र-आधारित मॉडलिंग अध्ययन' विषय पर शोध करेंगे। वे जून 2026 से दिसंबर 2027 तक कुल 18 माह वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में व्यतीत करेंगे। ऑस्ट्रेलिया में उनके शोध कार्य का मार्गदर्शन प्रो. बसंत महेश्वरी एवं डॉ. जेसन रेनॉल्ड्स करेंगे, जबकि हकृवि में उनके मार्गदर्शक प्रधान वैज्ञानिक डॉ. डी. एस. बुंदेला हैं।


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अमर उजाला | 20.6.26 | 3 | 3-5 |

# एचएयू शोधार्थी का वेस्टर्न सिडनी विवि में चयन

## ड्यूल डिग्री पीएचडी कार्यक्रम में मिली जगह, ट्यूशन फीस होगी माफ

माई सिटी रिपोर्टर



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ विद्यार्थी एवं अन्य। स्रोत: संस्थान

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के मृदा एवं जल संरक्षण विभाग के पीएचडी शोधार्थी कृष्ण कन्हैया का चयन एचएयू और ऑस्ट्रेलिया के वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से संचालित ड्यूल डिग्री पीएचडी कार्यक्रम के लिए हुआ है। इसके तहत उन्हें वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय की ओर से छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी।

स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि इस छात्रवृत्ति के अंतर्गत शोध अवधि के दौरान पूर्ण शिक्षण शुल्क (ट्यूशन फीस) माफ रहेगा। साथ ही प्रतिवर्ष (प्रो-राटा आधार पर) 35,188 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की छात्रवृत्ति राशि भी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने पर शोधार्थी को एचएयू और वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय दोनों संस्थानों से पीएचडी की उपाधि मिलेगी।

कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय कुमार वशिष्ठ ने बताया कि कृष्ण कन्हैया भूजल क्षरण पर गन्ना सिंचाई के प्रभाव को समझना : एक क्षेत्र-आधारित मॉडलिंग अध्ययन विषय पर शोध करेंगे। इसके लिए वे जून 2026 से दिसंबर 2027 तक कुल 18 माह वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में अध्ययन एवं शोध कार्य करेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 20-6-26 | 8 | 3-5 |


# हकृवि शोधार्थी का ऑस्ट्रेलिया के वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में ड्यूल डिग्री कार्यक्रम के तहत चयन



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ विद्यार्थी एवं अन्य।

हिसार, 19 जून (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के मृदा एवं जल संरक्षण विभाग के पीएच.डी. शोधार्थी कृष्ण कन्हैया का चयन हकृवि एवं वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया द्वारा संयुक्त रूप से संचालित प्रतिष्ठित ड्यूल डिग्री पीएचडी कार्यक्रम के लिए हुआ है। इसके साथ ही उन्हें ऑस्ट्रेलिया में अपने शोध कार्य के एक भाग को पूरा करने हेतु वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय द्वारा छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने इस उपलब्धि पर शोधार्थी को बधाई देते हुए कहा कि यह चयन विश्वविद्यालय में संचालित उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय अवसर वैश्विक शोध सहयोग को सुदृढ़ करते हैं तथा विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्रदान करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि कृष्ण कन्हैया उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढने की प्रेरणा मिलेगी। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग शोध की गुणवत्ता बढ़ाने तथा विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर सीखने के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि इस छात्रवृत्ति के अंतर्गत शोध अवधि के दौरान पूर्ण शिक्षण शुल्क (ट्यूशन फीस) माफ रहेगा तथा प्रतिवर्ष (प्रो-राटा आधार पर) 35,188 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की छात्रवृत्ति राशि भी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर शोधार्थी को एचएयू और वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय दोनों से पीएच.डी. उपाधि प्रदान की जाएगी। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय कुमार वशिष्ट ने बताया कि ड्यूल डिग्री कार्यक्रम के अंतर्गत कृष्ण कन्हैया 'भूजल क्षरण पर गन्ना सिंचाई के प्रभाव को समझना: एक क्षेत्र-आधारित मॉडलिंग अध्ययन' विषय पर शोध करेंगे। वे जून 2026 से दिसंबर 2027 तक कुल 18 माह वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में व्यतीत करेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 20.6.26 | 9 | 1-5 |

**ड्यूल डिग्री में चयन** पूरी फीस माफ व प्रतिवर्ष 35188 डॉलर मिलेगी छात्रवृत्ति

# कृष्ण को एचएयू के साथ ऑस्ट्रेलिया से भी मिलेगी डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के मृदा एवं जल संरक्षण विभाग के पीएचडी शोधार्थी कृष्ण कन्हैया का चयन हकृवि एवं वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया द्वारा संयुक्त रूप से संचालित प्रतिष्ठित ड्यूल डिग्री पीएचडी कार्यक्रम के लिए हुआ है। इसके साथ ही उन्हें ऑस्ट्रेलिया में अपने शोध कार्य के एक भाग को पूरा करने के लिए वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय द्वारा छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। इस छात्रवृत्ति के अंतर्गत शोध अवधि के दौरान पूर्ण शिक्षण शुल्क (ट्यूशन फीस) माफ रहेगा तथा प्रतिवर्ष (प्रो-राटा आधार पर) 35,188 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की छात्रवृत्ति राशि भी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर शोधार्थी को एचएयू और वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय दोनों से पीएचडी उपाधि प्रदान की जाएगी।



हिसार। वीसी प्रो. बीआर काम्बोज के साथ विद्यार्थी एवं अन्य।

## कुलपति ने शोधार्थी को दी बधाई

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने इस उपलब्धि पर शोधार्थी को बधाई देते हुए कहा कि यह चयन विश्वविद्यालय में संचालित उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि कृष्ण कन्हैया उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।


## 18 माह सिडनी में शोध

कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय कुमार वशिष्ट ने बताया कि ड्यूल डिग्री कार्यक्रम के अंतर्गत कृष्ण कन्हैया 'भूजल क्षरण पर गन्ना सिंचाई के प्रभाव को समझना: एक क्षेत्र-आधारित मॉडलिंग अध्ययन' विषय पर शोध करेंगे। वे जून 2026 से दिसंबर 2027 तक कुल 18 माह वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में व्यतीत करेंगे। ऑस्ट्रेलिया में उनके शोध कार्य का मार्गदर्शन प्रोफेसर बसंत महेश्वरी एवं डॉ. जेसन रेनॉल्ड्स करेंगे, जबकि हकृवि में उनके मार्गदर्शक प्रधान वैज्ञानिक डॉ. डीएस बुंदेला हैं। इस मौके पर स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार, अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा कवात्रा, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा तथा आईएसी के समन्वयक डॉ. मंजूनाथ भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 20-6-26 | 5 | 4-5 |

## हकृवि शोधार्थी का ऑस्ट्रेलिया के वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में ड्यूल डिग्री कार्यक्रम के तहत चयन



*कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ विद्यार्थी एवं अन्य।*

हिसार, 19 जून (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के मृदा एवं जल संरक्षण विभाग के पीएच.डी. शोधार्थी कृष्ण कन्हैया का चयन हकृवि एवं वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया द्वारा संयुक्त रूप से संचालित प्रतिष्ठित ड्यूल डिग्री पीएचडी कार्यक्रम के लिए हुआ है।

इसके साथ ही उन्हें ऑस्ट्रेलिया में अपने शोध कार्य के एक भाग को पूरा करने हेतु वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय द्वारा छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी।

कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय कुमार वशिष्ट ने बताया कि ड्यूल डिग्री कार्यक्रम के अंतर्गत कृष्ण कन्हैया 'भूजल क्षरण पर गन्ना सिंचाई के प्रभाव को समझना: एक क्षेत्र-आधारित मॉडलिंग अध्ययन' विषय पर शोध करेंगे। वे जून 2026 से दिसंबर 2027 तक 18 माह वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में व्यतीत करेंगे। ऑस्ट्रेलिया में उनके शोध कार्य का मार्गदर्शन प्रोफेसर बसंत महेश्वरी एवं डॉ. जेसन रेनॉल्ड्स करेंगे, जबकि हकृवि में उनके मार्गदर्शक प्रधान वैज्ञानिक डॉ. डी. एस. बुंदेला हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 20.6.26 | 5 | 4 |

## हकृवि के शोधार्थी कृष्ण का ड्यूल डिग्री कार्यक्रम के लिए चयन

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के मृदा एवं जल संरक्षण विभाग के पीएचडी शोधार्थी कृष्ण कन्हैया का चयन हकृवि एवं वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय आस्ट्रेलिया द्वारा संयुक्त रूप से संचालित प्रतिष्ठित ड्यूल डिग्री पीएचडी कार्यक्रम के लिए हुआ है। उन्हें आस्ट्रेलिया में शोध कार्य के एक भाग को पूरा करने हेतु वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय द्वारा छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी।

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि यह चयन विश्वविद्यालय में संचालित उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डा. रमेश कुमार ने कहा कि इस छात्रवृत्ति के अंतर्गत शोध अवधि के दौरान पूर्ण शिक्षण शुल्क माफ रहेगा तथा प्रतिवर्ष (प्रो-राटा आधार पर) 35,188 आस्ट्रेलियाई डालर की छात्रवृत्ति राशि भी प्रदान की जाएगी। अधिष्ठाता डा. अजय कुमार वशिष्ट ने बताया कि ड्यूल डिग्री कार्यक्रम के अंतर्गत कृष्ण कन्हैया जून 2026 से दिसंबर 2027 तक 18 माह सिडनी विवि में व्यतीत करेंगे।